जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

June 7, 2023

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया स्कूल में छात्रों के लिए इंटेंसिव समर कैंप

जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल (मॉर्निंग शिफ्ट), मिडिल स्कूल के साथ 11 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लिए 12 जून से 26 जून 2023 तक 15 दिन के लिए एक इंटेंसिव समर कैंप आयोजित करेगा। कैंप का उद्देश्य न केवल जामिया के स्कूलों के छात्रों को गर्मियों की छुट्टियों के दौरान एक व्यापक और आकर्षक लर्निंग का अनुभव प्रदान करना है, बल्कि जामिया परिसर के बाहर समुदाय से संपर्क के लिए सीमाओं से परे भी जाना है। मुशीर फातमा नर्सरी स्कूल, जामिया भी 04 से 10 वर्ष के बच्चों के लिए 10 दिनों के समर कैंप का आयोजन करेगा, जो 15 जून से 24 जून 2023 तक चलेगा।

जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित होने वाले कैंप का उद्देश्य जामिया के स्कूलों के छात्रों के साथ-साथ जामिया परिसर के बाहर के समुदाय को एक मंच प्रदान करना है और उन्हें शिक्षा से परे अपनी रुचियों का पता लगाने और नए कौशल सीखने के अवसर देकर उनके ज्ञान, रचनात्मकता और अनुभव को बढ़ाना है।

कैंप का आयोजन स्कूल परिसर में विभिन्न स्तरों पर विभिन्न बुद्धिमताओं और व्यक्तिगत अंतरों को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। समर इंटेंसिव कैंप लर्निंग गतिविधियों की एक श्रृंखला की पेशकश करेगा जो प्रतिभागियों को लर्निंग, और री-लर्निंग और समग्र व्यक्तित्व के साथ उभरने में सक्षम बनाएगा।

व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल, खेल, मार्शल आर्ट, जीवन कौशल, समस्या को सुलझाने के कौशल और महत्वपूर्ण सोच, रंगमंच, कला और संगीत पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न स्तरों पर शिक्षार्थियों की जरूरतों के अनुरूप सभी समावेशी पाठ्यक्रम को डिजाइन किया जाएगा। लर्निंग परिणामों को बढ़ाने के लिए इंटरैक्टिव शिक्षण विधियों, व्यावहारिक प्रयोगों और समूह गतिविधियों को शामिल किया जाएगा। कौशल विकास को बढ़ावा देने और स्कूल पाठ्यक्रम से परे विभिन्न विषयों की जानकारी के लिए विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

प्रतिभागियों के बीच रचनात्मकता, नवाचार और 21वीं सदी के कौशल को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा। विशेषज्ञ और पेशेवर; संरक्षक के रूप में कार्य करेंगे, पूरे कैंप में छात्रों को मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करेंगे। गतिविधियां छात्रों को उनके अकादमिक ज्ञान से वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के बारे में बताएंगी और उनके क्षितिज को व्यापक बनाएंगी। शारीरिक फिटनेस, सहयोग और सामाजिक संपर्क को बढ़ावा देने के लिए खेल, बाहरी रोमांच, टीम-निर्माण अभ्यास और सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसी मनोरंजक गतिविधियों को भी शामिल किया जाएगा।

एक्सपेरिमेंटल लर्निंग को बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय, संग्रहालय और स्थानीय स्थलों की फील्ड यात्राएं आयोजित की जाएंगी। शिक्षक और संरक्षक पूरे कैंप में प्रत्येक छात्र के विकास की बारीकी से निगरानी करेंगे, सुधार के क्षेत्रों की पहचान करेंगे और आवश्यकतानुसार मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

कैंप के लिए प्रति छात्र 8000 रुपये का प्रवेश शुल्क लिया जाएगा और पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 जून, 2023 है। कैंप स्थल जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल होगा और कैंप का समय सुबह 09 बजे से दोपहर 12 बजे (3 घंटे) होगा।

मुशीर फातमा नर्सरी स्कूल, में आयोजित होने वाले उद्देश्य जामिया के स्कूलों के छात्रों के साथ-साथ जामिया परिसर के बाहर के समुदाय को एक मंच प्रदान करना है और उन्हें शिक्षा से परे अपनी रुचियों का पता लगाने और नए कौशल सीखने के अवसर देकर उनके ज्ञान, रचनात्मकता और अनुभव को बढ़ाना है।

कैंप में नृत्य, नाटक, संगीत, जुम्बा, कला और शिल्प, कठपुतली, रंगमंच, विज्ञान प्रयोगों और अन्य मज़ेदार खेलों और विभिन्न कौशल विकसित करने के लिए गतिविधियों का आयोजन होगा।

विशेषज्ञ और पेशेवर पूरे शिविर में छात्रों को मार्गदर्शन, समर्थन और प्रोत्साहन प्रदान करने वाले संरक्षक के रूप में कार्य करेंगे।

कैंप में एक्सपेरिमेंटल ट्रेनिंग के लिए स्कूल परिसर के भीतर फील्ड ट्रिप का आयोजन किया जाएगा। शिक्षक और परामर्शदाता बच्चों का मार्गदर्शन करने और उनके समग्र व्यक्तित्व में सुधार करने के लिए पूरे शिविर में व्यक्तिगत आधार पर बारीकी से निगरानी करेंगे।

मुशीर फातमा नर्सरी स्कूल समर कैंप का विवरण:
आयु समूह: 04-10 वर्ष
प्रवेश शुल्क: 5000/- रुपये प्रति छात्र
पंजीकरण दिनांक: 08 जून 2023- 13 जून 2023
शिविर का समय: सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (3 घंटे)

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया